अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

06 Jan., 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. फ्रांस डिजिटल शेंगेन वीजा जारी करने वाला पहला यूरोपीय देश बन गया है**




- फ्रांस आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए आगंतुकों को डिजिटल शेंगेन वीजा जारी करने वाला पहला यूरोपीय देश बन जाएगा।
- फ्रांस ने यूरोपीय संघ की डिजिटलीकरण योजनाओं के अनुरूप कदम उठाते हुए 70,0000 फ्रेंच शेंगेन वीजा के लिए पूरी तरह से ऑनलाइन प्रक्रियाओं को अपनाने की योजना की घोषणा की है।
- फ़्रांस ने 1 जनवरी, 2024 से "ओलंपिक वाणिज्य दूतावास" प्रणाली का संचालन शुरू किया - जो 2024 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए वीज़ा आवेदनों के प्रसंस्करण के लिए समर्पित है।
- "ओलंपिक वाणिज्य दूतावास" से आगामी खेल आयोजनों में भाग लेने वाले 15,000 अंतरराष्ट्रीय एथलीटों, 9,000 पत्रकारों और विदेशी देशों के प्रतिनिधिमंडलों के आवेदनों को संभालने की उम्मीद है।
- इस पहल का उद्देश्य वीज़ा आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है, जिससे वर्तमान में दुनिया भर में फ्रांसीसी वीज़ा केंद्रों पर प्रसंस्करण के दौर से गुजर रही फाइलों की वृद्धि के साथ किसी भी तरह की गड़बड़ी से बचा जा सके।

**2. IPS रश्मि शुक्ला बनीं महाराष्ट्र की पहली महिला DGP**



- रश्मि शुक्ला 1988 बैच की सीनियर IPS ऑफिसर है। उनकी छवि महाराष्ट्र में एक्टिव लेडी ऑफिसर के तौर पर है।
- IPS रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र की पहली महिला DGP बन गई हैं।
- 31 दिसंबर 2023 को IPS रजनीश सेठ के रिटायर्ड होने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने 1988 बैच की IPS ऑफिसर रश्मि शुक्ला को पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया।
- रश्मि शुक्ला फोन टैपिंग केस में नाम आने के बाद काफी चर्चा में रही थी।

**3. अरविंद पनगढ़िया होंगे 16वें फाइनेंस कमीशन के चेयरमैन**



- नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को 16वें फाइनेंस कमीशन (वित्त आयोग) का चेयरमैन बनाया गया है।
- वहीं रित्विक रंजनम पांडेय को कमीशन का सेक्रेटरी बनाया गया है।
- चेयरमैन और कमीशन के दूसरे सदस्यों का कार्यकाल रिपोर्ट सौंपे जाने या 31 अक्टूबर 2025 तक होगा।
- अभी एन. के. सिंह 15वें फाइनेंस कमीशन के चेयरमैन हैं।
- प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और पद्म भूषण से सम्मानित प्रोफेसर अरविंद पनगढ़िया नालंदा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं।
- पनगढ़िया की भारतीय अर्थव्यवस्था के एक बड़े विशेषज्ञ के रूप में पहचान है।
- वह एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के मुख्य अर्थशास्त्री रह चुके हैं।
- इसके अलावा वो नीति आयोग के वाइस चेयरमैन के पद पर भी रह चुके हैं।

**4. वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी नेवी के उप प्रमुख बने**



- वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने वाइस चीफ ऑफ नेवी का चार्ज संभाल लिया है।
- उन्होंने वाइस एडमिरल संजय जे सिंह की जगह ली है, जिन्होंने पश्चिमी नेवल कमांड के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ का चार्ज लिया है।
- नेवी के वाइस चीफ का चार्ज लेने से पहले वाइस एडमिरल त्रिपाठी पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यरत थे।
- कम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक्स युद्ध विशेषज्ञ त्रिपाठी ने सिग्नल संचार अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अधिकारी के रूप में फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर काम किया है।
- उन्होंने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है।
- वह जुलाई 2020 से मई 2021 तक नौसेना संचालन के डायरेक्टर जनरल थे।

- वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं।
- दिनेश त्रिपाठी 1 जुलाई 1985 को नेवी में शामिल हुए थे।

**5. 'कादियाल साड़ियां' को जीआई टैग मिला**



- राष्ट्रीय जीआई ड्राइव मिशन के एक भाग के रूप में, पश्चिम बंगाल की 'कादियाल साड़ियों' (Kadiyal sarees) को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किया गया है.
- इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के कुछ अन्य प्रोडक्ट को जीआई टैग दिया गया है जिसमें सुंदरबन शहद, जलपाईगुड़ी जिले से काला नुनिया चावल (Black Nunia rice) और तंगेल (Tangail), और गोरोड (Gorod) शामिल है.
- पश्चिम बंगाल वन विकास निगम लिमिटेड ने सुंदरबन शहद के लिए एक विशेष जीआई टैग के लिए आवेदन किया है.

**6. राम मंदिर के सम्मान में छत्तीसगढ़ ने 22 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया**



- छत्तीसगढ़ सरकार ने 22 जनवरी को "सूखा दिन" घोषित करने का फैसला किया है क्योंकि उस दिन अयोध्या में राम मंदिर का अभिषेक होगा।
- सीएम ने कहा, राम राज हमारे सुशासन का मॉडल रहा है.
- हम भाग्यशाली हैं कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का 'ननिहाल' (भगवान राम के नाना का स्थान) है और यह भी सौभाग्य की बात है कि अयोध्या में राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' 22 जनवरी को होगी।'
- राज्य के चावल मिलर्स एसोसिएशन ने समारोह के लिए 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल अयोध्या भेजा है और राज्य के किसान उत्तर प्रदेश के शहर में सब्जियां भी भेजेंगे।

**7. इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्य स्पेस इंडिया लिमिटेड' (NSIL) ने घोषणा की**



- इसरो की वाणिज्यिक शाखा 'न्य स्पेस इंडिया लिमिटेड' (NSIL) ने घोषणा की है कि भारत अपनी अगली पीढ़ी के भारी संचार उपग्रह GSAT-20 (या GSAT-N2) को लॉन्च करने के लिए स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट का इस्तेमाल करेगा।
- स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च होने वाला यह भारत का पहला मिशन होगा। फिलहाल इसरो (ISRO) का LVM3 रॉकेट 4,000 किलो तक के पेलोड को जियोस्टेशनरीट्रांसफर ऑर्बिट तक पहुँचानें में सक्षम है, जबकि तुलनात्मक रूप से फाल्कन-9 (Falcon-9) की क्षमता लगभग दोगुनी कही जा सकती है।
- GSAT-20 जिसे CMS-03 या GSAT-N2 के नाम से भी जाना जाता है, एक संचार उपग्रह है।
- **जीसैट-20 का पहला परीक्षणः**
- कब 23 जून, 2022 को
- कहाँ - फ्रेंच गुयाना के कौरू प्रक्षेपण स्थल
- किसके दवारा - एरियन 5 (VA 257) प्रक्षेपण यान
- **न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL):**
- NSIL, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक शाखा है।
- स्थापना 2019 • मुख्यालय – बेंगलुरु

8. हिमाचल प्रदेश कैबिनेट ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के चरण-11 के शुरुआत की घोषणा की



- हिमाचल प्रदेश कैबिनेट ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के चरण-11 के शुरुआत की घोषणा की है /
- लक्ष्य - 21 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं को सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करना है
- यह योजना, ग्रामीण युवाओं को अपनी भूमि पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करती है

**9. हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आयुष्मान भारत योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का उद्घाटन किया**



- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आयुष्मान भारत योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का उद्घाटन किया है
- हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का तोहफा दिया
- **आयुष्मान भारत योजना के बारे में**
- आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है।
- इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के तहत 2018 में लॉन्च किया गया था, जिसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करना है।
- यह पहल सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरा करने और यह सुनिश्चित करने की अंतर्निहित प्रतिबद्धता के लिए डिज़ाइन की गई है कि कोई भी पीछे न छूटे।
- आयुष्मान भारत, स्वास्थ्य सेवा वितरण के लिए एक क्षेत्रीय और खंडित दृष्टिकोण से एक व्यापक, आवश्यकता-आधारित स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में परिवर्तन की एक पहल है।

**10. संजय जसजीत सिंह ने पश्चिमी नौसेना कमान का कार्यभार संभाला**



- वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह ने पश्चिमी नौसेना कमान (डब्ल्यूएनसी) के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ की भूमिका संभाली है।
- सिंह ने वाइस एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी का स्थान लिया।
- इससे पहले, सिंह ने नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में कार्य किया था और उनका लगभग 38 वर्षों का बहुमुखी नौसैनिक करियर था।
- सिंह ने नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख, फ्लैग ऑफिसर सी ट्रेनिंग, वेस्टर्न फ्लीट कमांडर और कई अन्य उल्लेखनीय पदों पर काम किया है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **कौन सा देश आगामी ओलंपिक के लिए आगंतुकों को डिजिटल शेंगेन वीजा जारी करने वाला पहला यूरोपीय देश बन जाएगा?**
(a) फ्रांस
(b) इटली
(c) यूके
(d) स्पेन

2. **Jan 2024 में रश्मि शुक्ला किस राज्य की पहली महिला DGP बनी है?**
(a) दिल्ली
(b) उत्तर प्रदेश
(c) महाराष्ट्र
(d) राजस्थान

3. **16 वे वित्त आयोग के चेयरमैन कौन बने है?**
(a) अरविंद पनगढ़िया
(b) रित्विक रंजनम पांडेय
(c) अरिंदम बागची
(d) परमिंदर चोपड़ा

4. **भारतीय नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) कृष्णा स्वामीनाथन
(b) दिनेश के त्रिपाठी
(c) संजय जसजीत सिंह
(d) किरण देशमुख

5. **'कादियाल साड़ियां' किस राज्य से सम्बंधित है जिसे हाल ही में जीआई टैग मिला है?**
(a) बिहार
(b) महाराष्ट्र
(c) पश्चिम बंगाल
(d) केरल

6. **किस राज्य सरकार ने 22 जनवरी को "सूखा दिन" घोषित करने का निर्णय लिया है क्योंकि उस दिन अयोध्या में राम मंदिर का अभिषेक होगा?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) पश्चिम बंगाल
(c) असम
(d) छत्तीसगढ़

7. **हाल ही में फाल्कन 9 राकेट से लांच होने वाला भारत का पहला उपग्रह कौनसा है ?**
(a) GSAT-17
(b) GSAT-18
(c) GSAT-19
(d) GSAT-20

8. **राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट अप योजनाकिस राज्य में शुरू की गई है?**
(a) कर्नाटक
(b) हिमाचल प्रदेश
(c) उत्तर प्रदेश
(d) पंजाब

9. **किस राज्य के राज्यपाल ने आयुष्मान योजना के तहत कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का उद्घाटन किया है?**
(a) छत्तीसगढ़
(b) राजस्थान
(c) हरियाणा
(d) अरुणाचल प्रदेश

10. **पश्चिमी नौसेना कमान (WNC) के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) अनीश दयाल सिंह
(b) सुजॉय लाल थाउसेन
(c) संजय जसजीत सिंह
(d) पंकज कुमार सिंह

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (c) | (a) | (b) | (c) | (d) | (d) | (b) | (c) | (c) |